हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, सोमवार, 28 जुलाई 2025

तापमान
अधिकतम 38.0 डिग्री
न्यूनतम 25.2 डिग्री

12 हरियाणवी लोकगीतों पर जमकर झूमी महिलाएं



12 19 परीक्षा केंद्रों पर सीईटी की परीक्षा शांति पूर्वक संपन्न



## खबर संक्षेप

### अंबालाः विवाहिता जेवर और नकदी ले गई

**अंबाला।** शादी के सात माह बाद विवाहिता घर के जेवरात व नकदी ले गई। अंबाला शहर पुलिस को शिकायत देकर रविदास बस्ती के अकबर अली ने बताया कि उसकी शादी 10 दिसंबर 2024 को यमुनानगर की सादिया के साथ हुई है। आरोप लगाया कि पत्नी सादिया उसे व अन्य किसी परिवार के सदस्य को बिना बताए शनिवार को जेवरात व एक लाख 10 हजार रुपये की नकदी व अन्य दस्तावेज लेकर चली गई। अपने स्तर पर तलाश करने पर कोई सुराग नहीं लगा।

### राजमिस्त्री के औजार और मशीन चोरी

**अंबाला।** गोल्डन पार्क स्थित एक मकान से राजमिस्त्री के औजार व मशीन चोरी हो गई। अंबाला सदर पुलिस को शिकायत देते हुए धुराला गांव के जगतार सिंह ने बताया कि वह राज मिस्त्री ठेकेदारी का काम करता है। वह गोल्डन पार्क के एक मकान में काम कर रहा है। 11 जुलाई को वह अपना सामान व औजार रखकर चला गया था। अब आकर देखा तो एक हैम्बर मशीन,1 कटर, ग्रेंडर मशीन गायब है। पुलिस ने चोरी का केस दर्ज किया है।

### युवक ने सास व पुत्रवधू पर चाकू से किया हमला

**यमुनानगर।** शहर की लाजपत नगर कॉलोनी में शमशान घाट के पास एक युवक ने सास व पुत्रवधू पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। लाजपत नगर निवासी बसंती ने शहर यमुनानगर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपनी पुत्रवधू गुलसता के साथ गत 26 जुलाई को शाम चार बजे किसी काम से जा रही थी। रास्ते में उसे कॉलोनी का ही अमित मिला। आरोपी ने उन दोनों के साथ गाली गलौज शुरू कर दी। जब उन्होंने आरोपी का विरोध किया तो आरोपी ने उन दोनों पर चाकू से हमला कर दिया। हमले में वह दोनों घायल हो गई।

### पानीपत में ई रिक्शा चोर गिरफ्तार

**पानीपत।** एंटी व्हीकल थेप्ट पुलिस टीम ने ई रिक्शा चोरी के आरोपी सलीम पुत्र प्यार मोहम्मद निवासी राजीव कॉलोनी मनाना रोड समालखा को गिरफ्तार किया है। एंटी व्हीकल थेप्ट इंचार्ज रोहताश ने बताया कि आरोपी ने उक्त ई रिक्शा 15 जुलाई की रात कृष्ण पुरा में एक घर के बाहर से चोरी करने बारे स्वीकारा। ई रिक्शा चोरी की उक्त वारदात बारे थाना औद्योगिक सेक्टर 29 में किशनपुरा निवासी बंटी पुत्र रामप्रकाश की शिकायत पर केस दर्ज है।

### एटीएम से नकदी चोरी के दो आरोपी पकड़े

**पानीपत।** सीआईए टू पुलिस टीम ने एटीएम मशीन से धोखाधड़ी करने वाले दो शातिर आरोपियों मोहम्मद आयान पुत्र मोहम्मद इमरान निवासी पूजा कॉलानी लोनी व आफताब अहमद पुत्र असलम अंसारी निवासी नरगदी बिजनौर हाल पूजा कॉलोनी लोनी गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश को चौटाला रोड से गिरफ्तार किया है। सीआईए टू प्रभारी फूल कुमार ने बताया कि उक्त वारदात बारे थाना माडल टाउन में जाटल रोड कश्यप नगर देशवाल चौक निवासी पंकज की शिकायत पर केस दर्ज है।

### चोरों ने नकदी समेत हजारों का सामान

**यमुनानगर।** जगाधरी की श्रीनगर कॉलोनी में चोरों ने एक घर में घुसकर 11 हजार रुपये की नकदी समेत हजारों रुपये का सामान चोरी कर लिया। वहीं, एक अन्य स्थान से चोरों ने शिव मंदिर के दानपात्र से हजारों रुपये व अन्य समान चोरी कर लिया। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामले दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। श्रीनगर कॉलोनी जगाधरी निवासी गगन ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है।

## कुरुक्षेत्रः झमाझम बारिश ने उमस भरी गर्मी से दिलाई राहत, किसानों के चेहरे खिले

**बारिश से निचले इलाकों में जलभराव से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

रविवार शाम को हुई झमाझम बारिश से कई मोहल्लों व गलियों में कीचड़ की समस्या तो किसी-किसी मार्ग पर जलजमाव हो गया। हालांकि, बारिश से उमस भरी गर्मी से लोगों को थोड़ी राहत दिलाई। बारिश होने से किसानों में खुशी छा गई। झमाझम बारिश से निचले इलाकों में जलजमाव से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। रविवार शाम करीब चार बजे मौसम ने करवट ली और अचानक से बारिश शुरू हो गई। काफी देर तक हुई बारिश के कारण मौसम में पूरी तरह से बदलाव हो गया। सुबह से जो धूप व गर्मी को हुई बारिश ने काफी हद तक नमी में तब्दील कर दिया। इधर बारिश शुरू होते ही बिजली विभाग ने शहर के कई मुहल्ले में बिजली काट दी, जिसके कारण घंटों तक शहर अंधेरे में डूबा रहा और लोग परेशान हुए। रविवार का अधिकतम तापमान 34 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान 28 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। दोपहर तक तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई लेकिन जैसे ही दोपहर बाद बारिश हुई तापमान में गिरावट दर्ज की गई। बारिश के बाद पूरे मौसम में गर्मी का अनुभव काफी हद तक समाप्त हो गया। हालांकि मौसम विभाग की माने तो आगे दो तीन दिन कई जिलों में बारिश होगी। इधर



बारिश के बाद शहर की सड़को की भी हालत दयनीय हो गई। शहर के कई सड़कों पर जल जमाव की समस्या से लोग काफी परेशान हुए। अचानक से दोपहर बाद हुई बारिश से काम में निकले लोग बारिश में फंस गए।

**ककार पहन कर परीक्षा देने से गुरसिख परीक्षार्थियों को रोकने की घटनाओं पर जताई चिंता**

## जत्थेदार झींडा ने अल्प संख्यक आयोग के चेयरमैन इकबाल सिंह लालपुरा से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

ककार पहन कर प्रतियोगी परीक्षाओं में गुरसिख परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र में प्रवेश न करने की घटनाओं को लेकर हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के प्रधान जत्थेदार जगदीश सिंह झींडा ने अल्प संख्यक आयोग के चेयरमैन इकबाल सिंह लालपुरा से मुलाकात की और बढ़ती घटनाओं पर चिंता व्यक्त की। जत्थेदार झींडा ने लालपुरा को हरियाणा के हिसार जिला में गत दिवस सीईटी एवं 27 जुलाई को राजस्थान के जयपुर में राजस्थान हाईकोर्ट ज्यूडिशरी की परीक्षा का पेपर देने से एक छात्रा को ककार पहन (धार्मिक चिह्न) कर रोक दिया गया। हिसार में तो उन्होंने हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के चेयरमैन हिम्मत सिंह बात करके समस्या का समाधान करते हुए गुरसिख परीक्षार्थी का प्रवेश परीक्षा केंद्र में करवा दिया, मगर राजस्थान में गुरसिख छात्रा को परीक्षा देने से रोक दिया गया है। जत्थेदार झींडा ने चेयरमैन लालपुरा से इस बारे में केंद्र सरकार से बातचीत कर उचित दिशा-निर्देश जारी करवाने की अपील भी की। इसके साथ ही जत्थेदार झींडा ने सरकार से मांग की कि गुरसिख छात्रा को राजस्थान हाईकोर्ट ज्यूडिशरी के पेपर दिलाने का स्पैशल मौका देना चाहिए अन्यथा छात्रा की मेहनत व्यर्थ जाएगी। जत्थेदार झींडा ने कहा कि अक्सर यह शिकायत आती रही है कि प्रतियोगी परीक्षाओं में गुरसिख परीक्षार्थियों को ककार पहन कर परीक्षा केंद्र में प्रवेश करने नहीं दिया जाता है। प्रतियोगी परीक्षाओं में धार्मिक चिह्न पहने गुरसिख परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र में प्रवेश करने से रोकना हमारी धार्मिक भावनाओं को आहत करता है।



प्रधान जत्थेदार जगदीश सिंह झींडा ने अल्प संख्यक आयोग के चेयरमैन इकबाल सिंह लालपुरा से मुलाकात करते हुए।

**प्रशासन की लापरवाही से 40 से अधिक बीपीएल परिवारों के राशन कार्ड कटे**

# फर्जी इनकम और प्लॉट दिखाकर सिस्टम ने गरीबों को बना दिया गया 'अमीर'

■ परेशान ग्रामीण सरकारी दफ्तरों के चक्कर काटने को मजबूर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बराड़ा

गांव नौहनी के गरीब और जरूरतमंद परिवार इन दिनों सरकारी सिस्टम की लापरवाही का खामियाजा भुगत रहे हैं। अचानक फैमिली आईडी में इनकम बढ़ने और प्लॉट दर्शाने के चलते गांव के लगभग 35 से 40 बीपीएल परिवारों के राशन कार्ड रद्द हो चुके हैं। इससे नाराज़ ग्रामीण पिछले कई दिनों से सीएससी केंद्र, बीडीपीओ कार्यालय और अन्य सरकारी दफ्तरों के चक्कर काटने को मजबूर हैं। इन लोगों की कहीं पर कोई भी सुनवाई नहीं हो पा रही है जिससे ग्रामीणों में सरकार के प्रति रोष है। गांव नौहनी के अमरजीत सिंह ने बताया कि उसकी फैमिली आईडी में गलती से उसके नाम पर उसके पड़ोसी भूपेंद्र सिंह के दो प्लॉट दर्ज कर दिए गए हैं। इतना ही नहीं उसकी फैमली की इनकम भी सीधे 5 लाख रुपये दिखा दी गई जिसका नतीजा यह हुआ कि उसका राशन कार्ड कट गया। अब वो अधिकारियों से गुहार लगाने में दिन बिता रहा है। पीड़ित मंजू देवी ने बताया कि एक विधवा है। जब उनके बच्चों ने सीईटी फॉर्म भरने के लिए सीएचसी में दस्तावेज दिखाए तब उन्हें पता चला कि उनकी फैमिली आईडी में इनकम बढ़ा दी गई है जिससे उनका भी बीपीएल राशन कार्ड कट गया। बुजुर्ग जसमेर ने बताया कि उनके परिवार में सिर्फ वो और उसकी पत्नी हैं। दोनों बुजुर्ग और गरीब हैं लेकिन पता नहीं किसी ने उनकी फैमली आईडी में चार अगल-अलग प्लॉट दिखा दिए। ये चारों प्लॉट 468.28 वर्ग गज क्षेत्रफल है इससे उनका राशन कार्ड भी कट गया। अब दोनों बुजुर्ग लोग परेशान होकर सरकारी दफ्तरों के चक्कर काट रहे हैं। गांव के ही रवि कुमार ने बताया कि उनकी फैमिली आईडी में इनकम को 1.80 लाख से बढ़ाकर 3 लाख रुपये कर दिया गया है जबकि असल में ऐसा कुछ नहीं है। इससे उनके परिवार को दो महीने से राशन नहीं मिल पाया है। वे इनकम कम करवाने के लिए भटक रहे हैं। गांव के ही पवन कुमार की बात की जाए तो उनकी फैमली आईडी में चार-पाचं प्लॉट दिखाकर उनका भी बीपीएल राशन कार्ड काट दिया गया है। ऐसे में ग्रामीणों में सरकार के प्रति रोष है।



बराड़ा। फैमिली आईडी की कमियों के बारे में जानकारी देते हुए ग्रामीण। फोटो: हरिभूमि

**गलत डेटा बन रहा मुसीबत**

गांव नौहनी में लगभग 40 ऐसे परिवार है जिनकी फैमली आई डी में गलत इनकम व गलत जानकारी के चलते उनके बीपीएल राशन कार्ड काट दिए गए। गांव के पवन कुमार, राजेश कुमार, सोहन लाल, हुकम चंद व अन्य ग्रामीणों ने बताया कि फैमिली आईडी प्रणाली जिसे सरकार ने पारदर्शिता और लाभार्थी पहचान के लिए शुरू किया था। अब आम जनता के लिए सिरदर्द बन चुकी है। कभी किसी के नाम फर्जी प्लॉट जुड़ जाते हैं तो कभी आय अपने आप बढ़ जाती है। यह सिस्टम आम गरीब को 'कागजों में अमीर' बना देता है जबकि जमीनी हकीकत कुछ और होती है। ग्रामीणों ने सीएम नायब सैनी से मांग की है कि फैमिली आईडी से जुड़ी इन गड़बड़ियों की उच्चस्तरीय जांच करवाई जाए और जिनका राशन गलत तरीके से काटा गया है, उन्हें तुरंत राहत दी जाए। साथ ही अधिकारियों को निर्देश दिए जाएं कि वे फैमिली आईडी अपडेट की प्रक्रिया को सरल और जवाबदेह बनाएं।

**घरौंडा के कोहंड हाईवे पर हुआ हादसा**

## ड्यूटी से लौटते समय हादसे में सिक्योरिटी गार्ड की मौत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| घरौंडा

करनाल जिले के गांव मंचूरी निवासी एक सिक्योरिटी गार्ड की शनिवार रात सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान 50 वर्षीय रामकुमार के रूप में हुई है, जो पिछले तीन महीने से कोहंड में किराये पर रह रहा था और लक्ष्मी रसोई ढाबे पर सिक्योरिटी गार्ड के रूप में तैनात था। रामकुमार का परिवार मूल रूप से मंचूरी गांव का रहने वाला है, लेकिन वह अपने बहनोई सुभाष के साथ कोहंड शनि मंदिर के पास एक किराए के मकान में रह रहा था।

वह ड्यूटी पूरी करके ढाबे से निकल कर कमरे की ओर लौट रहा था। जैसे ही वह करनाल-पानीपत नेशनल हाईवे को पार करके सर्विस रोड की ओर बढ़ा, उसी दौरान किसी अज्ञात वाहन ने उसे तेज रफ्तार से टक्कर मार दी। हादसे में रामकुमार डिवाइडर के बीच गिर गया। उसके सिर और कान से खून बहने लगा और एक टांग भी टूट गई।

ट्रैफिक की आवाजाही के बीच किसी राहगीर ने उसे न तो देखा और न ही कोई मदद पहुंचाई। गंभीर रूप से घायल रामकुमार ने डिवाइडर पर तड़पते हुए दम तोड़ दिया। पूरी रात वह वहीं खून से लथपथ पड़ा रहा,




**जीजा के साथ एक ही कमरे में रहते थे**

रामकुमार के जीजा सुभाष ने बताया कि दोनों सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करते हैं और कोहंड में एक ही कमरे में रहते हैं। उन्होंने बताया कि रात को रामकुमार ड्यूटी से निकला था, लेकिन अपने कमरे तक नहीं पहुंचा। सुबह पुलिस से उसकी मौत की खबर मिली, तब हम मौके पर पहुंचे। रामकुमार की हालत बेहद खराब थी और शरीर खून से लथपथ था।

**की जा रही जांच**

शव पोस्टमॉर्टम के लिए करनाल के कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज भेजा गया है। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और मामले की जांच जारी है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज और चश्मदीदों के बयानों के आधार पर आरोपी चालक की पहचान करने में जुटी है। -देवेंद्र, जांच अधिकारी

## 'मैं मर्जी से मर रहा हूं न मेरा अंतिम संस्कार हो न ही पोस्टमार्टम'

**सुसाइड नोट लिखकर बुजुर्ग ने फंदा लगाकर दी जान**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंबाला

मैं राजकुमार अपनी मर्जी से मर रहा हूं। किसी को परेशान न करें और मेरा न तो अंतिम संस्कार हो और न ही मेरा पोस्टमार्टम करवाया जाए, सुसाइड नोट में यह बातें लिखकर एक 70 वर्षीय बुजुर्ग ने अपने साले के मकान में फंदा लगा लिया। मृतक की पहचान प्रेम नगर के चार मोहल्ला के राजकुमार के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम भी मौके पर पहुंची और शव को उतार कर नागरिक अस्पताल पहुंचाया। शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है। मृत राजकुमार के साले चंद्रमोहन ने बताया कि उनके जीजा शुरू से ही शराब का नशा करते थे। इसी कारण कभी कोई नौकरी या काम नहीं किया। शुक्रवार को भी सही हालत में थे। जब चंद्रमोहन अपने काम पर गए तो उनके बेटे ने घर पहुंच कर पाया कि राजकुमार ने घर के ऊपरी कमरे में फंदा लगा लिया है। जांच अधिकारी ने बताया जांच की जा रही है।

### पत्नी के प्रेमी की पीट पीटकर हत्या करने का आरोपी गिरफ्तार

**यमुनानगर।** पत्नी के प्रेमी की पीट पीटकर हत्या करने के मामले में फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को अदालत में पेश कर चार दिन के रिमांड पर लिया गया है। मामले के अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। मामले की जांच कर रहे सदर थाना प्रभारी कृष्ण कुमार ने बताया कि मामले में आरोपी पति रोहतक जिले के गांव बाहु अकबरपुर निवासी बिजेंद्र को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी को अदालत में पेश कर चार दिन के रिमांड पर लिया गया है। रिमांड के दौरान आरोपी के अन्य साथियों के बारे में पता लगाया जाएगा। उत्तर प्रदेश के जिला गाजीपुर के गांव शेरपुर निवासी अंशु ने पुलिस को शिकायत दी थी कि उसकी शादी वर्ष 2018 में बिजेंद्र के साथ हुई थी।



**मंत्री पंवार ने कुराना में किए पांच करोड़ के विकास कार्यों के उद्घाटन**

## तरक्की की राह पर तेजी से बढ़ रहा है प्रदेश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत

प्रदेश के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने रविवार को गांव कुराना में लगभग 5 करोड रुपए के विकास कार्यों का उद्घाटन और शिलान्यास किया। पंवार ने उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार ने विकास कार्यों को धरातल पर ले जाकर करने की जो पहल की है उसे इन कार्यों का फायदा आम आदमी को मिला है। इन कार्यों में बस स्टैंड कुराना से लेकर ड्रेन तक इंटरलॉक सड़क, बाबा वाले जोहड़ और पंचायत घर के पीछे बैंकट हॉल, बस स्टैंड के पास बीसी चौपाल और खेतों के 9 रास्ते जिनका पक्का किया जाना है उनका शिलान्यास और उद्घाटन किया गया। वहीं, मंत्री पंवार ने कहा कि सरकार ने अंत्योदय के तहत लाइन में खड़े अंतिम से अंतिम व्यक्ति तक हर योजना का लाभ पहुंचाया है।



पानीपत। गांव कुराना में विकास कार्यों का शिलान्यास करते हुए पंचायत विकास मंत्री कृष्ण लाल पंवार।



### यूरिया खाद की किल्लत से किसानों को करना पड़ रहा परेशानी का सामना

**इंद्री।** यूरिया खाद की किल्लत के कारण किसानों को परेशानी का सामना करना पड रहा है । किसानों को जरूरत के हिसाब से यूरिया खाद उपलब्ध नहीं हो रहा है ।रविवार सुबह अनाज मंडी के सामने इफको सेवा केंद्र पर किसानों को जैसे ही यूरिया खाद आने का पता चला तो काफी संख्या मे किसान यूरिया खाद लेने के लिए पहुंच गए ।लेकिन किसानों को यूरिया खाद के केवल पांच- पांच कट्टे ही मिल पाए ।खाद लेने पहुंचे किसानों ने यूरिया खाद की आपूर्ति सुचारू रूप से देने की मांग करते हुए कहा कि वे पिछले कई दिनो से खाद लेने के लिए चक्कर लगा रहे है । लेकिन उन्हें 15 कट्टो की जगह केवल पांच- पांच कट्टे ही यूरिया खाद के मिल रहे हैं जिससे उनके सामने यूरिया खाद की समस्या खड़ी हो गई है ।किसानों ने कहा कि इस समय धान की फसल मे यूरिया खाद की बहुत जरूरत है यदि धान की फसल मे पूरी मात्रा मे यूरिया खाद नहीं डाला गया तो फसल की पैदावार कम होगी जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान हो सकता है ।किसानों ने शीघ्र पूरी मात्रा मे खाद उपलब्ध करवाने की मांग की । इस मामले में खंड कृषि अधिकारी डॉ अश्विनी कांबोज ने बताया कि रविवार को इंद्री क्षेत्र में यूरिया खाद के करीब 12 हजार बैग आए है जो इंद्री खंड की लगभग सभी सोसायटियों मे खाद बट गया है ।

**त्योहार** | **केयू के धरोहर हरियाणा संग्रहालय में हरियाली तीज उत्सव धूमधाम से मनाया**

## तीज समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रतीकः प्रो. सचदेवा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

तीज भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है जो कि भारतीय त्यौहारों की संस्कृति एवं परम्पराओं को प्रदर्शित करता है। प्रत्येक वर्ष हिन्दू पंचांग के अनुसार हरियाली तीज का पर्व श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाया जाने इस पर्व का आध्यात्मिक, प्रकृति तथा महिला सशक्तिकरण की दृष्टि से विशेष महत्व है। यह उद्गार कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने रविवार को केयू धरोहर हरियाणा संग्रहालय द्वारा आयोजित हरियाली तीज उत्सव-2025 कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि व्यक्त किए। इस अवसर पर कुवि कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने तीज त्यौहार की विश्वविद्यालय परिवार को बधाई देते हुए कहा सावन के महीने में जब संपूर्ण धरा पर हरियाली की चादर बिछी रहती है तब सभी प्रकृति के इस मनोरम क्षण का आनंद लेने के लिए झूले झूलते हैं तथा लोक गीत व तीज के गीत गाकर उत्सव विशेष रूप से मनाते हैं। हरियाली तीज के दिन महिलाएं अपने पति की लम्बी उम्र, अच्छे स्वास्थ्य तथा सफलता के लिए कामना करती हैं। तीज उत्सव पर कुवि कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा, कुवि कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पाल सहित सभी लोगों ने धरोहर परिसर में झूला झूलकर तीज त्यौहार मनाया व मिठाई वितरित की गई। कुवि कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पाल ने सभी को बधाई देते हुए मंगल कामना की। इस मौके पर कुवि कुलपति की धर्मपत्नी डॉ. ममता सचदेवा, कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पाल व उनकी धर्मपत्नी, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. ए.आर.चौधरी, प्रो. जसबीर ढांडा, प्रो. विवेक चावला, लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया, डॉ. मीनाक्षी सुहाग, डॉ. आनन्द कुमार, डॉ. जितेन्द्र खटकड़, डॉ. पूजा, धरोहर क्यूरेटर डॉ. कुलदीप आर्य, सहित अन्य लोग मौजूद थे।



कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने हरियाली तीज उत्सव में झूला झूलते हुए।

खबर संक्षेप

### 3 अगस्त को शिक्षा मंत्री के आवास पर होगा प्रदर्शन

करनाल। मिड डे मील वर्कर यूनियन ने 3 अगस्त को हरियाणा के शिक्षा मंत्री श्री महीपाल ढांडा के पानीपत स्थित आवास पर राज्य स्तरीय आक्रोश प्रदर्शन करने का ऐलान किया है। यूनियन का कहना है कि लंबे समय से मांगों को लेकर संघर्ष चल रहा है, लेकिन सरकार ने अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया। जिला प्रधान शिमला देवी, ओपी माटा, कमलेश, कविता और अनीता ने बताया कि करनाल जिले के सभी ब्लॉकों में यूनियन की टीमें रैली की तैयारियों में जुटी हैं।

### सिटी क्लब ने श्री कृष्ण गोशाला में दी दवाइयां

करनाल। सिटी क्लब करनाल की ओर से रविवार को श्री कृष्ण गौशाला में गायों के इलाज के लिए दवाइयां भेंट की गई। कार्यक्रम में डीआईजी सुरेंद्र पाल सिंह मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने गौसेवा को पुण्य का कार्य बताते हुए नियमित सहयोग की अपील की। गौशाला के प्रधान सुनील गुप्ता ने बताया कि संस्था में एक हजार से अधिक गौवंश की देखभाल की जा रही है। सिटी क्लब के प्रधान सुनील मग्गु ने गायों की सेवा को आध्यात्मिक पूर्ति बताया। कार्यक्रम में डॉ. एसके गोयल, रामकुमार गुप्ता, विवेक अग्रवाल, हरिप्रकाश गुप्ता, अजय मलिक आदि मौजूद रहे। 28 सितंबर को होगा स्वास्थ्य जांच शिविर। इस कैंप में विर्क अस्पताल के विशेषज्ञ चिकित्सक अपनी सेवाएं देंगे और आवश्यक जांच व दवाइयां मुफ्त प्रदान की जाएंगी।

## 20 करोड़ की लागत से शहर के सर्विस रोड को चौड़ा करवाने की घोषणा

# स्वच्छता में घरौंडा को जिले में पहला स्थान मिलने पर सफाई मित्रों को किया सम्मानित

घरौंडा के सभागार को वातानुकूलित व ध्वनिरोधी बनाने की भी घोषणा



घरौंडा। सफाई मित्रों के सम्मान समारोह में मौजूद अतिथि। फोटो : हरिभूमि



घरौंडा। सफाई मित्रों के सम्मान समारोह में बोलते विधानसभा अध्यक्ष।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा

स्वच्छता सर्वेक्षण में घरौंडा को जिला करनाल में पहला और प्रदेश में 10वां स्थान मिलने पर रविवार को घरौंडा के सभागार में सफाई मित्र सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने शिरकत की। उन्होंने इस उपलब्धि के लिए सफाई कर्मचारियों, पार्षदों, अधिकारियों, चेयरमैन व शहर के लोगों को बधाई दी। 70 से अधिक सफाई कर्मचारियों को सम्मानित किया। साथ ही कहा कि भविष्य में भी अव्वल दर्जे को बरकरार रखते हुए स्वच्छता के प्रति जागरूकता और जनभागीदारी को बढ़ाना है। उन्होंने कस्बे के सभागार को वातानुकूलित और साउंड-प्रूफ बनवाने की घोषणा की। साथ ही कहा कि शहर में सर्विस रोड को चौड़ा किया जाएगा। सरकार से 20 करोड़ का यह प्रोजेक्ट मंजूर हो चुका है। अब एनएचएआई से मंजूरी के लिए अधिकारियों के साथ बैठक की जा चुकी है। विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि स्वच्छता में जिला में पहला स्थान पाना आज शहर के लिए खुशी व गौरव की बात है। जब कुछ हासिल होता है तो उसके पीछे किसी न किसी की मेहनत भी होती है। धरातल पर काम करने वालों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है। हर मेहनतकश से प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वच्छता के इस नंबर को बरकरार रखने की जिम्मेदारी केवल सफाई कर्मचारियों की नहीं, हर नागरिक की है। 2017 में भी घरौंडा को उत्तर भारत में प्रथम स्थान मिला था। विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार विद्यार्थियों को पढ़ाई के लिए सुविधाएं उपलब्ध कराने में कोई कसर नहीं छोड़ रही। सफाई कर्मचारियों से अपील की कि वे अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाएं। सरकार मेरिट पर नौकरी दे रही है। मेहनत करने वालों का अधिकार कोई नहीं छीन सकता। उन्होंने करीब 70 सफाई कर्मचारियों को सम्मानित किया। साथ ही घोषणा की कि किसी संस्था से हर कर्मचारियों को 51-51 सौ की राशि भी दिलवाई जाएगी। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष हैप्पी लक गुप्ता ने विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण द्वारा हलके में कराए गए प्रमुख विकास कार्यों पर प्रकाश डाला। पूर्व चेयरपर्सन निर्मल बैरागी ने भी विचार रखे। समारोह में जिला परिषद के सीईओ अमित कुमार, नगर पालिका सचिव रवि प्रकाश शर्मा, भाजपा के जिला महामंत्री सुभाष कश्यप, पूर्व चेयरमैन सुभाष गुप्ता, मंडल अध्यक्ष रोहित भंडारी, महेंद्र कैमला,कमल धीमान, अमित गुप्ता, बलिंद्र सहित विभिन्न वार्डों के पार्षद भी मौजूद रहे। हरियाणा के राज्य गीत के लेखक बालकिशन शर्मा को भी मुख्य अतिथि ने शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

### 2014 के बाद घरौंडा की तस्वीर बदली

विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि 2014 के बाद घरौंडा की तस्वीर बदली है। अभी और विकास किया जाना है। यही तरक्की भविष्य में लोगों को रोजगार के अवसर भी देगी। रिंग रोड बनने से नई औद्योगिक इकाइयां स्थापित होंगी। मेडिकल यूनिवर्सिटी चालू होने के बाद लोगों को न केवल बेहतरीन इलाज मिलेगा बल्कि बड़ी संख्या में युवाओं को रोजगार भी। रेपिड रेल प्रोजेक्ट भी भावी पीढ़ी के लिए खुशहाली का कारण बनेगा। इस प्रोजेक्ट के तहत पानीपत व करनाल के बीच तीन स्टेशन बनेंगे। यहां के युवाओं को कोचिंग आदि के लिए दिल्ली में कमरा लेने की जरूरत नहीं पड़ेगी। वे सुबह जाकर शाम को घर लौट सकेंगे। उन्होंने कहा कि गांवों में लाइब्रेरी बनवाई जा रही है।

# सीईटी परीक्षा में सरकार की सुविधाएं बनीं सहारा

■ एसडीएम ने घायल परीक्षार्थी को समय पर दिलवाई परीक्षा मानवीय पहलु का उदाहरण



करनाल। सीईटी परीक्षा में शामिल होने पहुंचे परीक्षार्थी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

हरियाणा सरकार द्वारा युवाओं को रोजगार देने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों के तहत आयोजित सामान्य पात्रता परीक्षा 2025 का आयोजन 26 और 27 जुलाई को प्रदेशभर में किया गया। करनाल जिला प्रशासन ने इस परीक्षा के सुचारु संचालन के लिए बेहतरीन व्यवस्थाएं सुनिश्चित कीं, जिनकी अभ्यर्थियों और अभिभावकों ने मुक्तकंठ से सराहना की।

## निःशुल्क बस सेवा बनी सहारा

प्रदेश सरकार ने परीक्षा केंद्रों तक पहुंचने के लिए एक जिला से दूसरे जिले में जाने वाले परीक्षार्थियों और उनकी महिला परिजनों के लिए निःशुल्क बस सेवा शुरू की। यह सेवा खासतौर पर लड़कियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए की गई, जिसे लेकर अभ्यर्थी व उनके परिजन बेहद उत्साहित नजर आए। जींद जिले से करनाल आईं मुकेश रानी ने सरकार की इस सुविधा को एक बड़ा उपहार बताया और कहा कि इन प्रयासों से गरीब और दूरदराज के विद्यार्थियों को बड़ा लाभ मिला है। रणबीर नामक एक व्यक्ति अपनी पोती को परीक्षा दिलवाने जींद से करनाल पहुंचे। उन्होंने कहा कि पारदर्शी भर्तियों की आस उन्हें यहां खींच लाई है। उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और करनाल प्रशासन को धन्यवाद दिया।

नीतू नामक परीक्षार्थी ने कहा कि सेंटर तक बस सेवा का फैसला मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की दूरदृष्टि को दर्शाता है। लड़कियों को सुरक्षित और समय पर परीक्षा केंद्र तक पहुंचाने में यह सेवा बेहद कारगर रही।

### परीक्षार्थी को घायल अवस्था में दिलवाई परीक्षा

नीलोखेड़ी से एक अभ्यर्थी रेणू देवी परीक्षा केंद्र आते समय बाइक से गिरकर घायल हो गई। जैसे ही यह सूचना प्रशासन तक पहुंची, नीलोखेड़ी एसडीएम अशोक कुमार स्वयं मौके पर पहुंचे। उन्होंने न सिर्फ प्राथमिक उपचार करवाया, बल्कि अपनी गाड़ी से रेणू देवी को परीक्षा केंद्र तक समय पर पहुंचाया। रेणू देवी और उनके परिजन ने इस मानवीयता के लिए एसडीएम अशोक कुमार और जिला प्रशासन का धन्यवाद किया। जींद से आए एक परीक्षार्थी ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल द्वारा शुरू की गई 'बिना पर्ची, बिना खर्ची' भर्ती प्रक्रिया सराहनीय है। सभी इंतजाम पारदर्शी और सुचारु हैं।



तरावड़ी। पौधे रोपित करते मानव उत्थान सेवा समिति के जिलाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता एवं अन्य। फोटो : हरिभूमि

### मानव उत्थान सेवा समिति ने किया पौधरोपण

तरावड़ी। मानव उत्थान सेवा समिति द्वारा तरावड़ी शहर के पार्क में पौधारोपण अभियान चलाया गया। इस दौरान महात्मा अंतरमुखी बाई जी व सुभद्रा बाई जी के सानिध्य में समिति के सदस्यों व स्थानीय नागरिकों ने मिलकर पौधे लगाए और पर्यावरण को बचाने का संकल्प लिया। इस पौधारोपण अभियान में मानव उत्थान सेवा समिति के जिलाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, सचिन गुप्ता, राजेश गुप्ता, प्रिंस गुप्ता, वाशु गुप्ता, शुभम गुप्ता, रोहित गुप्ता व अजैब सिंह समेत कई गणमान्य लोगों ने सहयोग दिया। महात्मा अंतरमुखी बाई जी एवं सुभद्रा बाई जी ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए कहा कि प्रकृति का संतुलन बनाए रखने के लिए पौधारोपण अत्यंत आवश्यक है। प्रत्येक व्यक्ति को वर्ष में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए और उसकी देखभाल करनी चाहिए। जिलाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने बताया कि सतपाल जी महाराज के पावन सानिध्य में यह अभियान न सिर्फ तरावड़ी, करनाल बल्कि पूरे हरियाणा प्रदेश में चलाया जा रहा है। उनका लक्ष्य है कि प्रदेशभर में एक लाख से अधिक पौधे लगाए जाएं और हरियाली को बढ़ावा दिया जाए। उन्होंने कहा कि पौधे न सिर्फ प्रकृति की शोभा हैं, बल्कि हमारे जीवन का आधार भी हैं, इनके बिना जीवन की कल्पना अधूरी है। मानव उत्थान सेवा समिति ने सभी नागरिकों से अपील भी की है कि वे भी इस अभियान में जुड़कर प्रकृति की सेवा में योगदान दें।

# संस्कृति और सम्मान के साथ मनाया तीजोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा

घरौंडा महिलाओ व भाविप द्वारा तीज महोत्सव का आयोजन पारंपरिक उल्लास और सांस्कृतिक गरिमा के साथ किया गया। आयोजन की शुरुआत भारत माता और स्वामी विवेकानंद की तस्वीर पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से हुई। उपस्थित सदस्यों ने /"वंदे मातरम/" गान के साथ राष्ट्रभक्ति का संदेश दिया।

कार्यक्रम का संचालन मीनू शर्मा, सरला भटनागर और पूनम शर्मा ने संयुक्त रूप से किया। मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती रेशमा कल्याण और विशिष्ट अतिथि श्रीमती मोनिका गुप्ता ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। रेशमा कल्याण ने अपनी स्वरचित कविताओं के माध्यम से सभी को भावविभोर कर दिया। करीब 70 महिलाएं पारंपरिक पोशाकों और सोलह श्रृंगार में सजकर कार्यक्रम में शामिल हुईं। सभी ने रंगारंग नृत्य प्रस्तुतियों के माध्यम से तीज के उत्सव को जीवंत बना दिया। छोटी बच्चियों की प्रस्तुतियां भी विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। महिलाओं को रिटर्न गिफ्ट और मिठाई भेंट कर तीज की शुभकामनाएं दी गईं। /"तीज क्वीन अवार्ड/" मोनिका चुघ को और /"पंक्चुअलिटी अवार्ड/" राशि सिंगला को प्रदान किया गया। इस सफल आयोजन में प्रकल्प प्रमुख मीनू शर्मा, पूनम शर्मा, सरला भटनागर और अंशु आर्य की प्रमुख भूमिका रही। कार्यक्रम में परिषद के अध्यक्ष मनीष गुप्ता, सचिव दीपक शर्मा, कोषाध्यक्ष हरीश गर्ग, महिला सहभागिता प्रमुख सुनीता पहल सहित करीब 140 सदस्य उपस्थित रहे। अध्यक्ष मनीष गुप्ता और सुनीता पहल ने सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन की प्रतिबद्धता जताई। यह आयोजन नारी गरिमा, सांस्कृतिक जागरूकता और सामाजिक समरसता का अनूठा उदाहरण बनकर सामने आया।



घरौंडा। भाविप के तीजोत्सव कार्यक्रम में भाग लेती महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

न्यूज डायरी



तरावड़ी। कार्यक्रम मे भाग लेते प्रताप स्कूल के बच्चे। फोटो : हरिभूमि

### प्रताप स्कूल मे तीज उत्सव धूमधाम से मनाया

तरावड़ी। प्रताप पब्लिक स्कूल, तरावड़ी में तीज के पावन अवसर पर एक मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ किया गया। यह कार्यक्रम रचनात्मकता, संस्कृति और रंगों का एक सुंदर संगम बना। प्रतियोगिता में छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी कला का प्रदर्शन सुंदर व कलात्मक मेहंदी डिजाइनों के माध्यम से किया। हर रचना में हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की झलक दिखाई दी। इस प्रतियोगिता में विजेताओं के नाम इस प्रकार हैः प्रथम स्थान - अक्षरा द्वितीय स्थान - नवकीरत तृतीय स्थान - ईशा एवं जसप्रीत सांत्वना पुरस्कार - जानवी एवं संजना को मिला। कार्यक्रम की शोभा को और बढ़ाया हमारे प्राथमिक कक्षा के नन्हे बच्चों ने, जिन्होंने हरे वस्त्र पहनकर तीज का पारंपरिक स्वागत किया।




तरावड़ी। कार्यक्रम मे भाग लेते महिलाएं व बच्चे। फोटो : हरिभूमि

### भारत विकास परिषद् ने मनाया तीज उत्सव

तरावड़ी। भारत विकास परिषद् शाखा पड़वाला द्वारा गोड सन्स सिनियर सेकेंडरी स्कूल रम्बा गांव में महिला प्रमुख सन्तोष शर्मा की अध्यक्षता में तीज का त्यौहार बड़ी धूमधाम से मनाया। हरियाणा में श्रावण मास में हरियाली तीज त्यौहार श्रद्धा से मनाया जाता है। महिला प्रमुख सन्तोष शर्मा ने तीज महोत्सव की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह त्यौहार बच्चों को एक-दूसरे के साथ मिलकर काम करने, अपनी रचनात्मकता दिखाने और एक-दूसरे की संस्कृति का सम्मान करने के लिए प्रेरित करता है। इस मौके श्रावण मास में बनने वाली फिरणी बांट कर सभी महिलाओं का मिठाई बांटी गई इस मौके पर सन्तोष शर्मा,सोनू, लक्ष्मी,शीतल, वसींका , कमलजीत,सुरलेश भारद्वाज, सुनीता, सुमन, कुसुम , सोनिया आदि उपस्थित रहे।



तरावड़ी। तीज उत्सव के कार्यक्रम में भाग लेते यूनिवर्सल स्कूल के बच्चे।

### यूनिवर्सल किड्स स्कूल में मनाया तीज समारोह

तरावड़ी। भारतीय संस्कृति में एक महत्वपूर्ण अवसर तीज उत्सव पर विद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने पारंपरिक नृत्य, संगीत और नाटकों सहित कई आकर्षक प्रदर्शन प्रदर्शित किए। रंग-बिरंगे परिधानों में सजे छात्र इस उत्सव के अवसर की भावना का जश्न मनाने के लिए एक साथ आए। मुख्य रूप से सभी बच्चों ने पारंपरिक वेशभूषा, तीज सावन झूला व सांस्कृतिक प्रदर्शन, मेहंदी लगाना, रोमांचक खेल और गतिविधियों में भाग लिया। प्रिंसिपल गीतांजली पसरीचा ने बच्चों को दिया संदेश कि तीज प्रेम, सद्भाव और एकजुटता का उत्सव है। हमें अपने छात्रों को भारतीय संस्कृति की समृद्धि का अनुभव करने और उसकी सराहना करने के लिए एक मंच प्रदान करने में खुशी हो रही है। हम माता-पिता द्वारा बच्चों को इस खुशी के उत्सव में शामिल करवाने के लिए धन्यवाद करते हैं। कार्यक्रम में शामिल सभी बच्चों ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया। जिसके लिए विद्यालय प्रबंधन द्वारा बच्चों को उपहार देकर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अनिका, साइना, अवनीत,दिव्यांशी, राधिका, अदिति, हिमांशी, तरनजोत, प्रियंका, दिक्षा, वैष्णवी, घनवी, गुजारिश, तान्या, परी, प्रिया, अवनी, माहिका, सवरीन, अविशी, मनिका, तरिषा, मनरुप, समृधि, नामया, तृप्ता, काशिनी, दिशा, पूरवी, श्रुति आदि रहीं।

# हरियाली तीज पर करनाल में उल्लास रंग-बिरंगे कार्यक्रमों में छाईं महिलाएं

■ होटल, मंदिरों व पर्यटन केंद्रों पर विविध आयोजन, पारंपरिक गीत-संगीत व सांस्कृतिक झलक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

हरियाली तीज के पावन पर्व पर रविवार को करनाल शहर में विभिन्न स्थानों पर पारंपरिक, धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। शहर के होटल ज्वेल्स, श्री राम मंदिर सेक्टर-8, श्री सेवक सभा मंदिर जुंडला गेट और कर्ण लेक पर्यटन केंद्र पर तीज पर्व की उमंग देखते ही बनती थी। महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में सजकर आईं और गीत-संगीत व झूलों का भरपूर आनंद लिया। होटल ज्वेल्स में महिला विंग द्वारा भव्य आयोजन, "तीज क्वीन" बनीं दीक्षा गर्ग। ऑल इंडिया वैश्य फेडरेशन की महिला विंग द्वारा होटल ज्वेल्स में हरियाली तीज उत्सव पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया गया। चेयरपर्सन आशा गोयल ने तीज व्रत का धार्मिक महत्व बताते हुए कहा कि यह पर्व सुहागिन महिलाओं के लिए विशेष होता है, जो अपने पति की लंबी उम्र और सुख-समृद्धि के लिए उपवास करती हैं।

### तरावड़ी की मुल्तान ज्योत हरिद्वार में बनेगी आकर्षण का केंद्र

तरावड़ी। श्री मुल्तान जोत सभा तरावड़ी की ओर से 2 अगस्त को मुल्तान जोत महोत्सव धूमधाम से मनाया जाऐगा। जिसमें विधायक भगवान दास कबीरपंथी, पंजाबी धर्मशाला के प्रधान नंदकिशोर खुराना, पंजाबी सभा के प्रधान राजीव नारंग, समाजसेवी हन्नी चौधरी और गणमान्य लोग शिरकत करेंगे। आज विधायक कबीरपंथी के निवास स्थान पर कार्यक्रम के लिये निमंत्रण कार्ड देने सभा के सदस्य राजीव नारंग, देवेंद्र कामरा, प्रवीण बत्रा, मुकेश सचदेवा, जॉनी सरदाना, संजय आनंद, सतीश अरोड़ा एवं हंसराज पाहुजा,अजय सचदेवा, लक्ष्मण दास सेठी, सुरेंद्र खुराना देने पहुंचें।



तरावड़ी। मन की बात का कार्यक्रम सुनते हुये देवेन्द्र कामरा सहित भाजपा कार्यकर्ता फोटो : हरिभूमि

### देश को आगे ले जाने के लिए मोदी जी ने वोकल फोर लोकल का मूलमंत्र दिया हैः देवेन्द्र कामरा

तरावड़ी। आज शहर मे जगह जगह पर देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के मन की बात कार्यक्रम को सुना। तरावड़ी के बूथ नंबर 113 पर भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष देवेन्द्र कामरा ने अपने सभी साथियों के साथ देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना। इस अवसर पर कामरा ने बताया कि मन की बात के कार्यक्रम मे प्रधानमंत्री ने बहुत सी महत्वपूर्ण बातें बताई है। आज उन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन में खुदी राम बोस के बलिदान की बात की है। इसी प्रकार, हमारी धरोहर पाण्डुलिपियों की डिजीटलाईजेशन करके सहेजने की बात की है। देश को आगे ले जाने का मूलमंत्र वोकल फोर लोकल के बारे में बताया है क्योंकि देश तभी तरक्की करेगा जब हम स्थानीय चीजों को अपनाएंगें। उन्होंने कहा कि अगर हम अपने देश में बने हुए सामान को अपनाएंगें, उन सामान का उत्पादन करेंगें और प्रयोग करेंगें।

तीजोत्सव | जिलेभर में दिखाई दिया हरियाली जीत का उत्साह, महिलाओं ने सावन के गीतों पर किया नृत्य

# कर्ण लेक पर तीज महोत्सव में बच्चों व पर्यटकों ने बोटिंग और झूलों का उठाया आनंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

हरियाणा पर्यटन निगम द्वारा कर्ण लेक पर्यटन केंद्र पर आयोजित तीज महोत्सव में स्कूल के बच्चों व पर्यटकों ने बोटिंग, झूले, मेहंदी और रंगोली प्रतियोगिताओं में भाग लिया।

मंडलीय प्रबंधक विजेंद्र शर्मा ने बच्चों को संबोधित करते हुए तीज पर्व की पौराणिक व सांस्कृतिक जानकारी दी और कहा कि यह पर्व प्रकृति, हरियाली, सावन और सामाजिक उत्सवों का प्रतीक है।

मैनेजर समीर शर्मा, इंद्र सिंह, सतपाल, नरेंद्र, नरेश और रोहताश सहित हरियाणा पर्यटन निगम के कर्मचारियों ने आयोजन को सफल बनाने में योगदान दिया। प्रतियोगिताओं में गोल्डन पब्लिक स्कूल व कमल पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने भाग लिया और झूले व बोटिंग का आनंद लिया।





### श्री सेवक सभा मंदिर जुंडला गेट पर 300 महिलाओं को लगाई निःशुल्क मेहंदी

करनाल। श्री सेवक सभा द्वारा जुंडला गेट स्थित मंदिर में हरियाली तीज पर धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। करीब 300 सुहागिनों और बेटियों ने निशुल्क मेहंदी लगवा कर तीज का पर्व मनाया। पंडित सच्चिदानंद शुक्ला जी ने भजन गायन कर तीज के धार्मिक महत्व को बताया। उन्होंने कहा कि सावन में आने वाली यह तिथि भगवान शिव और माता पार्वती के पावन मिलन की याद दिलाती है। सभा के प्रधान रमेश चंद गुप्ता ने बताया कि तीज का पर्व सौभाग्य और समृद्धि का प्रतीक है। इस अवसर पर महासचिव नरेश गुप्ता, कोषाध्यक्ष रामकिशन गुप्ता, कार्यकारी प्रधान विनोद गुप्ता, महाप्रबंधक रविन्द्र बंसल, प्रबंधक अनिल शर्मा, त्रिलोक चंद गोयल, अंकित बंसल, प्रभात गुप्ता और संजय बंसल

### भाविप ने उत्साह से मनाई हरियाली तीज

करनाल। भारत विकास परिषद श्री राधा कृष्ण शाखा की ओर से हरियाली तीज पर्व को पारंपरिक उल्लास और भारतीय संस्कृति की झलक के साथ मनाया गया। यह आयोजन संस्था के संस्कार प्रकल्प के अंतर्गत किया गया, जिसमें लगभग 40 महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में भजनों पर सामूहिक नृत्य, झूले की पुष्प सज्जा, हंसी-ठिठोली वाली प्रतियोगिताएं, व मिष्ठान वितरण जैसे सांस्कृतिक व धार्मिक कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया। इस आयोजन की संयोजक मंजू शर्मा, निधि गुलाटी और निधि चौधरी रहीं।

## खबर संक्षेप

### ब्राह्मण महासंघ की बैठक हुई

**पानीपत।** ब्राह्मण महासंघ हरियाणा द्वारा महासंघ के संरक्षक एडवोकेट ऋतमोहन शर्मा के माडल टाउन स्थित निवास पर धन्यवाद बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सत्यनारायण शर्मा, पूरण शर्मा, महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष रोहित गौतम, मुकेश शर्मा सुरेंद्र शर्मा संजीव भारद्वाज, मंजीत मुरथल, राकेश शर्मा अंबाला, कृष्ण कुमार, पिंकल शर्मा, वेद शर्मा, महेंद्र शर्मा, नकूल शर्मा, दीपक शर्मा, विजय शर्मा, रमेश शर्मा, आनंद कौशिक, रणजीत शर्मा, डा.अंकित शर्मा, मा.संजय शर्मा, प्रो.बालकिशन शर्मा, सतीश शर्मा शाहपुर, विजय शर्मा, श्रीनिवास, सुरेन्द्र पालीवाल, सुशील शर्मा, राज शर्मा, महाबीर गौतम,नरेश शर्मा, मोती राम, बृजेश शर्मा, नरेश शर्मा, सुधीर शर्मा, सतीश वत्स, राजिन्द्र पालीवाल, संजीव भारद्वाज आदि उपस्थित रहे।

### नशे से दूर रहे युवा : मुनि रोहित

**पानीपत।** पानीपत के निकटवर्ती गांव राजाखेड़ी में चल रहे चातुर्मास के अंतर्गत प्रवचन का विषय युवा दिवस रहा। वहीं, युवाओं को नशा व मांसाहार से दूर रहने की प्रेरणा दी गई। रोहित मुनि जी महाराज ने पंक्तियों ये प्रार्थना दिल की बेकार नहीं होती । पूरा है भरोसा मेरी हार नहीं होती। गुरुवर जब तू मेरे साथ, गुरुवर जब सिर पर तेरा हाथ। उन्होंने कहा कि हम सौभाग्यशाली हैं कि गुरुओं की कृपा से हम सुखी हैं, सारी जागृति गुरुओं की कृपा से है। भक्त और भगवान का गहरा नाता है। भगवान अपने भक्तों का बेड़ा पार करते हैं यदि हमारे अंदर सच्ची आस्था व समर्पण होगा तो जीवन भी सरल व सुखी रहेगा।

### भाजपा नेता का निधन, शोक जताया

**इसराना।** भाजपा इसराना मंडल के पूर्व महामंत्री नीरज रंगा का आज निधन हो गया वहां बीमार थे।रात हृदय गति रुकने से निधन हो गया। वे 31 वर्ष के थे। बताया जा रहा की नीरज रंगा कई माह से बीमारी थे। नीरज रंगा अपने पीछे पत्नी के अलावा करीब पांच माह की बिटिया छोड़ गए है। वह मिलनसार पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता थे। भाजपाइयों ने नीरज रंगा की मौत पर दुख जताया है।

### ग्रीन पानीपत मिशन की बैठक हुई

**पानीपत।** ग्रीन पानीपत मिशन के तत्वावधान में प्रशासन, पार्षद और एनजीओ के प्रतिनिधियों की संयुक्त बैठक पाइट संस्कृति स्कूल हुडा सेक्टर 25 में हुई। जिसकी अध्यक्षता मेयर कोमल सैनी और अभियंता गोपाल कलावत ने की। कार्यक्रम संयोजक एडवोकेट संदीप जिंदल और पाइट संस्थान के डायरेक्टर हरिओम तायल ने बताया कि 29 जुलाई को सुबह 11:30 कार्यक्रम का शुभारंभ सेक्टर 18 अंसल गेट नंबर तीन पर 5000 पौधे लगाकर किया जाएगा।

### एमडी वीरेंद्र ने रेलवे पुल का निरीक्षण किया

**समालखा।** पानीपत के गांव मनाना में निर्माणाधीन रेलवे ब्रिज पर लगातार हादसे हो रहे हैं। जिसको लेकर ग्रामीणों ने सरकार व अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी करते हुए रोष प्रकट किया था और आगामी मंगलवार को धरना पर्दशन करने की चेतावनी दी थी। जिस पर संज्ञान लेते हुए करीब पांच वर्ष के बाद कुम्भकर्णी नींद टूटी। इसी कड़ी में आज हरियाणा स्टेट रूरल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन विभाग से एमडी वीरेंद्र मलिक ने संबधित अधिकारियों के साथ रेलवे पुल का निरीक्षण किया। इस अवसर पर आजाद राठी, जितेंद्र राठी, आजाद, धर्मबीर, बुल्ला, अनिल, जितेंद्र पाल, मोहित राठी, कैरू व पाल्ला आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

### पुलिस ने मारपीट के तीन आरोपी पकड़े

**पानीपत।** थाना बापौली पुलिस ने गांव बापौली में गोयला अड्डे पर युवक का रास्ता रोककर मारपीट करने मामले में नाबालिग सहित तीन आरोपियों को पकड़ा है। बालिग आरोपियों में जलमाना गांव निवासी साहिल व गौरव है। थाना बापौली प्रभारी इंस्पेक्टर नीरज ने बताया कि इस मामले में गोयला खुर्द गांव निवासी राहुल की शिकायत पर केस दर्ज है।

# सीईटी की परीक्षा में गैर-हाजिर रहे 2914 परीक्षार्थी

- पानीपत मूलभूत सुविधाएं मिलने से प्रसन्न नजर आए सीईटी परीक्षार्थी, प्रशासन व पुलिस अधिकारी सभी परीक्षा केंद्रों पर सक्रिय रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



**पानीपत।** सीईटी परीक्षा केंद्र का दौरा करते हुए उपायुक्त व पुलिस कप्तान आदि।

उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र कुमार दहिया और पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने संयुक्त रूप से रविवार को आयोजित हुई सीईटी परीक्षा के लिए बनाए गए परीक्षा केंद्रों का दौरा कर अवलोकन किया। वहीं, डॉ दहिया ने परीक्षा सम्पन्न होने पर इस परीक्षा के संपन्नता के लिए लगाए गए सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को भी बधाई दी वहीं उन्होंने सभी अभ्यर्थियों को भी अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की। उन्होंने कहा कि आपसी सामंजस्य, तालमेल और समन्वय के साथ सीईटी की परीक्षा सम्पन्न हुई है। प्रदेश सरकार के दिशा निर्देश पर सभी अभ्यर्थियों के लिए बेहतर व्यवस्था प्राथमिकता के साथ किए जाने का प्रावधान किया गया था ताकि किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा देने में दिक्कत ना हो। वहीं, डीसी डॉ. दहिया ने बताया कि दोनों दिन की परीक्षा शांति के साथ संपन्न हुई है। इसके लिए सभी बसें समय पर चलाई गई, जिसके लिए 11 पॉइंट बनाए गए थे। सभी अभ्यर्थियों के लिए चाय और ब्रेड पकोड़े के साथ-साथ पीने के पानी की उचित व्यवस्था की गई थी। हर चार लोकेशन पर एचसीएस और डीएसपी स्तर के अधिकारी नियुक्त किए गए थे। जबकि चार हेल्पलाइन नंबर भी परीक्षार्थियों के लिए लगाए गए थे इसके साथ-साथ 112 नंबर भी अभ्यर्थियों के लिए विशेष तौर पर सहायता प्रदान कर रहा था प्रत्येक केंद्र पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट भी लगाए गए थे। सभी केंद्रों पर चाय पानी के साथ-साथ शौचालय इत्यादि की बेहतर व्यवस्था भी की गई थी। जिला में 649 परीक्षार्थी ऐसे थे जो दिव्यांग थे उनके लिए भी उचित व्यवस्था की गई थी ताकि किसी दिव्यांग अभ्यर्थी को कोई भी दिक्कत ना हो। इधर, रविवार को संपन्न हुई परीक्षा में प्रात के सत्र में कुल 7034 परीक्षार्थियों में से 5576 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। 1458 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। सांय के सत्र में कुल 7034 परीक्षार्थियों में से 5578 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। 1456 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने बताया कि सभी पुलिस अधिकारी और कर्मचारियों ने अच्छे ढंग से कार्य किया है, जो की प्रशंसनीय है। सभी केंद्रों पर पुलिस फोर्स लगाई गई थी। यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए अलग से डीएसपी और फोर्स भी अलग से लगाई गई थी ताकि परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्रों में आने-जाने में कोई परेशानी ना हो और जाम की स्थिति ना बने।

# भाजपाइयों ने सीईटी के परीक्षार्थियों का भव्य स्वागत किया



**समालखा।** मसीईटी के परीक्षार्थियों को खाद्य पदार्थ बांटते हुए भाजपा नेतागण। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा

सीईटी का पेपर देने जाने वाले परीक्षार्थियों का भाजपा जिला सचिव नरेश बैनीवाल, शहरी अध्यक्ष रेखा संजय गोयल, ग्रामीण अध्यक्ष अनिल शर्मा, के नेतृत्व में समालखा नए बस स्टैंड पर सभी कार्यकर्ताओं ने साथ मिलकर अभिनन्दन तथा उत्साहवर्धन किया। सभी परीक्षार्थीयो को बस में बैठाने के साथ ही सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए सभी का मुंह मीठा करवाया। सभी परीक्षार्थियों और उनके अभिभावकों ने सरकार द्वारा किए गए सीईटी निमित्त किए गए प्रयासों की सराहना की और सभी ने भाजपा कार्यकर्ताओं का उनको इतना मान सम्मान देने के लिए भी धन्यवाद किया। इस अवसर पर कष्ट निवारण समिति सदस्य राधे श्याम जिंदल, पूर्व जिला महामंत्री कृष्ण छौककर, अशोक किवाना, विधायक प्रतिनिधि जसराज भाटी, पार्षद संजय गोयल, साहब सिंह रंगा, पार्षद मनीष बैनीवाल, शीतल नेगी, रॉकी वर्मा, संदीप धीमान, नीतू धीमान समेत बडी संख्या में भाजपाई उपस्थित रहे।

## आर्य समाज की जन सेवा में रूकावट को सहन नहीं किया जाएगा: आर्य रणदीप

# कुरीति मुक्त साक्षर भारत के सपनें को साकार कर रहा है आर्य समाज:डॉ राजेंद्र

- बापौली में देश भर से आए आर्य समाजियों ने यज्ञ किया
- आर्य समाज का भव्य मंदिर बनाने का संकल्प लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



**पानीपत ।** के गांव बापौली में आर्य समाजी, डा. राजेंद्र विद्यालंकार व आर्य रणदीप कादियान को सम्मानित करते हुए।

पानीपत के गांव बापौली के आर्य समाज मंदिर में रविवार को बडी संख्या में आर्य समाजियों ने विशाल यज्ञ किया गया। कार्यक्रम में पानीपत जिला सहित हरियाणा प्रदेश, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, दिल्ली व राजस्थान आदि राज्यों से भी आर्य समाजियों ने भाग लिया और यज्ञ में आहूति डाली। कार्यक्रम की अध्यक्षता पानीपत सरपंच एसोसिएशन के जिला प्रधान एवं आर्य प्रतिनिधि सभा रोहतक के अंतरंग सदस्य आर्य रणदीप कादियान ने की और मुख्य वक्ता के रूप में गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत के ओएसडी डा. राजेंद्र विद्यालंकार शामिल हुए। यज्ञ के उपरांत आयोजित कार्यक्रम में डा. राजेंद्र विद्यालंकार ने कहा कि आर्य समाज एकजुट है और बापौली में आर्य समाज वाली जगह पर ही भव्य आर्य समाज मंदिर बनाया जाएगा। इसके लिये सभी आर्य समाजी आर्थिक रूप से सहयोग करेंगे।

उन्होंने कहा कि बापौली आर्य समाज मामले में कुछ दिन पहले ही आर्य समाज के व्यक्ति मुख्यमंत्री नायब सैनी से मिल चुके है और मुख्यमंत्री ने बापौली में आर्य समाज मंदिर यहीं पर बनवाने का आश्वासन दिया गया है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग यहां पर बस अड्डा बनवाने की बात कहते है। वहीं, सन 2022 मे तत्कालीन रोडवेज के पानीपत डिपो के जीएम ने इस जगह का स्थानीय अधिकारियों के साथ दौरा करके इस स्थान को बस अड्डे के लिये रिजेक्ट कर दिया था। वहीं आर्य रणदीप कादियान सरपंच ने यज्ञ कार्यक्रम की अध्यक्षता करते कहा कि आर्य समाज वेदों पर आधारित नीतियों पर चलता है और स्वामी दयानंद व स्वामी श्रद्धानंद के दिखाये रास्ते पर चलते हुए समाज से अंधविश्वास, अशिक्षा व छुआछुत को समाप्त करने का काम कर रहा है। उन्होंने साफ किया कि आर्य समाज का उद्देश्य कुरीति मुक्त साक्षर भारत बनाना है, जहां सभी लोग सद्भावना के साथ रहे। वहीं आर्य समाज के देश समाज के रास्ते में यदि कोई रूकावट डालेगा तो सहन नहीं किया जाएगा, चाहे वह कोई भी हो। वहीं आर्य रणदीप कादियान और बापौली आर्य समाज के राजेंद्र आर्य, नवीन आर्य, जितेंद्र आर्य, शीशपाल आर्य, जयपाल मास्टर, यशपाल शास्त्री, डा. रामबीर आर्य आदि ने कार्यक्रम में पहुंचने पर सभी आर्यजनों का आभार जताया।

कार्यक्रम का मंच संचालन जगदीश आर्य ने किया। इस अवसर पर कुरूक्षेत्र गुरूकुल के प्रधान गर्ग, स्वामी आदित्यवेश, स्वामी मुक्तिवेश, स्वामी संतराम, स्वामी ओमान मुनि, सिवाह गौशाला प्रधान रविंद्र कादियान, रामपाल आर्य इसराना, आर्य राजबीर कादियान, प्रवीन शर्मा, सोमदत्त शर्मा, आर्य सुरेश मलिक सहित भारी संख्या में आर्यजन मौजूद रहे। बता दे कि इसी माह 13 जुलाई को बापौली आर्य समाज मंदिर में हवन के उपरांत सरपंच पति व उसके समर्थकों ने आर्य समाजियों के साथ मारपीट की थी, इस मामले में बापौली पुलिस थाना में मामला भी दर्ज है।



**पानीपत ।** विकास मंत्री कृष्ण लाल पंवार मोदी के मन की बात सुनते हुए।

# मोदी ने विश्व में भारत का मान बढ़ाया : कृष्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

- मंत्री व भाजपाइयों ने जिला के शहरी व ग्रामीण अंचल में सुनीं मोदी के मन की बात

हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने रविवार को पानीपत के इसराना विधानसभा के अलूपुर गांव में स्थित बूथ नंबर 109 पर कार्यकर्ताओं के साथ बैठ कर मन की बात कार्यक्रम को सुना। मन की बात कार्यक्रम का यह 124 वां एपिसोड था। मंत्री पंवार ने उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री का मन की बात कार्यक्रम देश में भी सकारात्मक और रचनात्मक ऊर्जा के प्रसार का एक अनूठा प्रभावी माध्यम है। मन की बात कार्यक्रम अब हिंदी के अलावा पंजाबी सहित अनेक भारतीय भाषाओं और कई वैश्विक भाषाओं में भी आकाशवाणी द्वारा प्रसारित किया जाता है। प्रधानमंत्री ने 'मन की बात' के 124वें एपिसोड में कई अहम मुद्दों पर चर्चा की। पीएम मोदी ने साइंस से लेकर आत्मनिर्भर भारत और आजादी की लड़ाई से लेकर देशभर के किलों की बात की। पीएम नरेंद्र मोदी ने इसके अलावा भी कई अहम बातें देश के सामने रखीं। मंत्री पंवार ने कहा कि 'मन की बात' कार्यक्रम में पीएम मोदी ने प्राचीन पांडुलिपियों का संरक्षण और 'ज्ञान भारतम मिशन' का भी उल्लेख किया है। उन्होंने कहा कि मोदी ने विश्व में भारत का मान बढ़ाया है। इन पांडुलिपियों में विज्ञान, चिकित्सा की पद्धतियां, संगीत और दर्शन हैं, जो मानवता के भविष्य को उज्ज्वल बना सकते हैं। कुछ छात्रों ने पांडुलिपियों के आधार पर पारंपरिक चिकित्सा प्रणाली पर शोध भी शुरू कर दी है। अगर ऐसा प्रयास देशभर में हो तो हमारा पुरातन ज्ञान केवल दीवारों में बंद नहीं रहेगा। वह नई पीढ़ी की चेतना का हिस्सा बन जाएगा। वहीं, प्रधानमंत्री मोदी ने 'खेलो भारत नीति 2025' और स्वच्छता अभियान की भी बात की।



**पानीपत।** ब्रह्माकुमारीज के संत महासम्मेलन में मंचासीन संतजन। फोटो : हरिभूमि

# जीवन में धर्म का पालन करने से मिलता है सुख व शांति : कमल

- महामंडलेश्वर स्वामी धर्मदेव ने कहा कि जैसा आहार वैसा व्यवहार, जैसा पानी वैसी वाणी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

ब्रह्माकुमारीज के ज्ञान मानसरोवर गांव थिराना में संत महासम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न स्थानों से अनेकानेक महामंडलेश्वरों एवं संतों ने शिरकत की। मुख्य रूप से आचार्य महामंडलेश्वर कमल किशोर सहारनपुर, महामंडलेश्वर स्वामी धर्मदेव पटौदी, गौस्वामी सुशील महाराज दिल्ली, ज्ञान मानसरोवर निर्देशक बीके भारत भूषण, पानीपत सर्किल इंचार्ज राजयोगिनी सरला दीदी आदि उपस्थित रहे। इसके साथ ही ब्रह्माकुमारीज के मुख्यालय माउंट आबू से राजयोगी बीके रामनाथ व वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका बीके शीलू दीदी भी विशेष रूप से इस कार्यक्रम में पहुंचे। ब्रह्माकुमारी बहनों ने मंच पर उपस्थित सभी महानुभावों का बैज एवं गुलदस्ते के द्वारा स्वागत किया। बीके भारत भूषण व सर्किल इंचार्ज बीके सरला बहन की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम का सभी संतजनों द्वारा दीप प्रज्वलन से शुभारंभ किया गया। आचार्य महामंडलेश्वर कमल किशोर सहारनपुर ने कि मुझे नाज हैं मैं भारत देश का रहने वाला हूं भले ही मैं पूरी दुनिया मे घुमा हूं, लेकिन ऐसा पवित्र स्थान कहीं नहीं। ब्रह्माकुमार भ्राता रामनाथ ने कहा कि आज साइंस ने भले ही बहुत तरक्की की है, सुख के लिए बहुत साधन बना दिए हैं लेकिन उन साधनों में सदाकाल का सुख नहीं मिल सकता। महामंडलेश्वर स्वामी धर्मदेव ने कहा कि जैसा आहार वैसा व्यवहार, जैसा पानी वैसी वाणी। आहार की शुद्धि हमारे व्यवहार से जुड़ी है। वहीं बीके भारत भूषण ने आये हुए महानुभावों का शब्दों के माध्यम से आभार व्यक्त किया और कहा कि ईश्वरीय शक्ति द्वारा ही स्वर्णिम युग आ सकता है। गौस्वामी सुशील महाराज ने कहा कि केवल मंदिर जाना, गीता, रामायण आदि पढ़ना पर्याप्त नहीं है। हर इंसान को जीवन में धर्म का पालन करना चाहिए। वहीं, सरला बहन ने मेडिटेशन का अभ्यास कराया।

### खिजरपुरा में वार्षिक भंडारे का आयोजन

**कुरुक्षेत्र।** गांव खिजरपुरा में हरियाली तीज और शिवरात्रि के उपलक्ष्य में वार्षिक भंडारे का आयोजन किया गया। रविवार को सुबह दादा खेड़ा पर हवन आयोजित किया गया, जिसमें ग्रामीणों ने पूर्णाहुति डाली। इसके साथ ही बाबा बिशनपुरी पर मंत्रोच्चरण और शंखनाद के बीच ग्रामीणों ने पूजा-अर्चना की। भंडारा समिति और ग्रामीणों की ओर से श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। ग्रामीण सतपाल ढुल और मास्टर जगीर ढुल ने बताया कि हर वर्ष गांव में वार्षिक भंडारे का आयोजन किया जाता है, जिसमें गांव की सुख-समृद्धि की कामना की जाती है। सावन माह भगवान शिव को विशेष रूप से पसंद है, इसी महीने में भगवान शिव पृथ्वी पर आकर वे अपने आशीर्वाद की वर्षा करते हैं। बारिश से फसल लहलहाती हैं तो हरियाली बढ़ती है। गांव के सरपंच अनिल कुमार धन्ना ने कहा कि श्रावण मास की शिवरात्रि भगवान भोले की भक्ति में रमा यह आयोजन केवल आस्था का प्रतीक है, बल्कि सेवा और समर्पण की सजीव मिसाल है। हर-हर महादेव और बम-भोले के जयकारों से हर कोई भक्ति भाव में सराबोर नजर आता है। महादेव के भक्त भगवान शिव को गंगा जल अर्पित कर अपनी मनोकामनाएं सिद्धी की कामना करते हैं।

# सर्व प्राणियों के अच्छे स्वास्थ्य व शान्ति की प्रार्थना की

- सावन जोत शोभायात्रा को लेकर समिति की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



**पानीपत।** सावन जोत शोभायात्रा को लेकर बैठक हुए समाजसेवीगण। फोटो :हरिभूमि

पानीपत के तहसील कैंप क्षेत्र के पटेल नगर स्थित श्री हनुमान मन्दिर में श्री मां गंगे सावन जोत समिति के पदाधिकारियों व सदस्यों की बैठक हुई। जिसमें समिति द्वारा किए जाने वाले कार्यक्रम की रूप-रेखा विस्तार से तैयार की गई और सभी पदाधिकारियों व सदस्यों को डयूटियां सौंपी गई। सर्वप्रथम विश्व के सर्व प्राणियों के अच्छे स्वास्थ्य व शान्ति की प्रार्थना की गई। समिति के प्रधान सुभाष गुलाटी व महासचिव विपिन चावला ने कार्यक्रम के बारे में विस्तार से बताया व कार्यक्रम को और भव्य बनाने के लिए विचार-विमर्श किया गया। कार्यक्रम 31 जुलाई को पानीपत व 2 और 3 अगस्त को हरिद्वार में होगा। जिसमें 31 जुलाई को भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी जो वृंदा एंक्लेव हुडा सेक्टर 13-17 से प्रारम्भ होकर फतेहपुरी चौक से होते हुए श्री हनुमान मन्दिर, पटेल नगर में सम्पन्न होगी। 2 अगस्त को श्री चेतन ज्योति आश्रम में सांय सात बजे माता की चौकी होगी और 3 अगस्त को सावन जोत शोभायात्रा निकाली जाएगी जो श्री चेतन ज्योति आश्रम नजदीक सूखी नदी भोपतवाला हरिद्वार से चलकर मुख्य मार्गों से होते हुए हर की पौड़ी पर गंगा मैया की आरती के बाद सम्पन्न होगी। बैठक में मुख्य रूप से सतकरतार आनन्द, भोला, यश माटा, कमल नयन वर्मा, जय भगवान ग्रोवर, पाशी मल्होत्रा, सतीश बाबा, देवकी नन्दन, राधेश्याम नासा, राजू तेल वाला, आशू नन्दा, विनोद कुकरेजा, मनोह लाल शर्मा, धर्मपाल चोपड़ा, नरेश नारंग, वेद प्रकाश चोपड़ा, तरूण चावला, दीपक सलूजा, सुमित नन्दवानी, महेश नारंग, दिनेश गुलाटी, रजनीश गुप्ता व विपिन आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।



**पानीपत।** हरियाली तीज पर्व पर झूला झूलाते हुए नारी शक्ति। फोटो : हरिभूमि

### हरियाली तीज पर्व धूमधाम से मनाया गया

**पानीपत।** पानीपत के शहरी व ग्रामीण अंचल में हरियाली तीज का पर्व धूमधाम से मनाया गया। वहीं हर बिरादरी ने अपनी रीति रिवाजों से हरियाली तीज पर्व पर पूजन किया। जबकि महिलाओं ने झूला झूला। इधर, पानीपत के गांव भंडारी स्थित आईसीएस अकादमी भंडारी में हरियाली तीज का उत्सव हर्षोल्लास और सांस्कृतिक रंगों के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थी पारंपरिक परिधानों में सजेधजे अकादमी पहुंचे और उत्सव को जीवंत बना दिया। बच्चों ने रंगारंग नृत्य प्रस्तुतियां दीं और झूले झूलते हुए सावन का आनंद लिया। कार्यक्रम में आकदमी के सभी अध्यापक एवं अध्यापिकाओं ने भाग लिया और बच्चों को तीज के पौराणिक महत्व से अवगत कराया। प्रिंसिपल अनु रानी, कोऑर्डिनेटर वंदना, किरण, बबीता, अनु, पूजा, रीना, सिमरन और श्वेता ने इस आयोजन में अहम भूमिका निभाई। प्रिंसिपल अनु ने इशिका, दीक्षा, वंशिका व अन्य बच्चों और स्टाफ सदस्यों के साथ मिलकर सावन झूला झूलो री गीत पर नृत्य कर समा बांध दिया। वहीं अकादमी के अध्यक्ष प्रवीन कुमार ने सभी को तीज पर्व की शुभकामनाएं दी।

## पानीपत के ऐतिहासिक हाली पार्क में पौधे रोप कर मनाया हरियाली तीज पर्व

# पर्यावरण जितना अधिक होगा मानवता उतनी ही सुखी होगी

- "हरियाली तीज सिर्फ त्योहार नहीं, बल्कि प्रकृति से जुड़ने का अवसर है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



**पानीपत।** पर्यावरण प्रहरी, अफसर रावल व ग्रीनमैन प्रो .दलजीत के साथ।

हरियाली तीज के पावन अवसर पर ऐतिहासिक हाली पार्क में ग्रीनमैन असिस्टेंट प्रोफेसर दलजीत कुमार की अध्यक्षता में वृक्ष मित्र समूह, हरियाणा ने वृक्षारोपण अभियान चलाते हुए दो राष्ट्रीय वृक्ष बरगद, तीन जामुन, एक आम, एक तिकोमा, एक पीपल, दो नीम सहित 10 वृक्ष 10 से 12 फुट के रोपित किए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अफ़सर रावल, वाइस चेयरमैन, हरियाणा पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन संवर्धन परिषद, भारत सरकार शामिल हुए। वृक्ष मित्र समूह, हरियाणा के चेयरमैन ग्रीनमैन प्रोफेसर दलजीत कुमार ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण कि दिशा में प्रयासरत और हाली पार्क को हरा-भरा और स्वच्छ बनाने में सहयोग करने वाले 30 से अधिक जागरूक नागरिकों और पर्यावरण प्रेमियों को वृक्ष मित्र सम्मान-2025 का प्रमाण पत्र देकर मुख्यातिथि अफसर रावल ने सम्मानित किया। यह सम्मान उन लोगों को दिया गया जो पर्यावरण संरक्षण को एक व्यक्तिगत ज़िम्मेदारी मानते हुए सक्रिय रूप से वृक्षारोपण और पार्क स्वच्छता में योगदान दे रहे हैं। गणमान्य लोगों ने मुख्य अतिथि अफसर रावल को पगड़ी पहनाकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। वाइस चेयरमैन अफसर रावल ने कहा कि "हरियाली तीज सिर्फ त्योहार नहीं, बल्कि प्रकृति से जुड़ने का अवसर है। जब हम एक पौधा लगाते हैं, तो वह सिर्फ धरती को हरा नहीं करता, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ वायु, जल और पर्यावरण की सौगात भी देता है। रावल ने लोगों का आह्वान करते हुए कहा कि आओ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मुहिम एक पौधा : मां के नाम से जुड़े। इसी दौरान ग्रीनमैन ने अपनी पहले से चली एक पौधा परिवार के नाम मुहिम के अंतर्गत वेणुगोपाल और रमेश चौधरी परिवार के हाथों पौधारोपित करवाया। पर्यावरण जितना अधिक होगा मानवता उतनी ही सुखी होगी। इस दौरान विजेंद्र मलिक गार्डन सुपरवाइजर शुगर मील, संदीप कल्याणी, सतीश कुमार, रमेश चौधरी, वेणु गोपाल, सुधा झा, सुधीर शर्मा, सरदार गुरमीत सिंह, सुनील अहलावत, निशा और मानसी समेत गणमान्य लोगों ने पर्यावरण संरक्षण अभियान में भाग लिया।

### चप्पे-चप्पे पर मुस्तैद दिखे जवान: प्रशासन की ओर से किए गए ठोस बंदोबस्त, परीक्षार्थी भी खुश नजर आए

# सीईटी परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्नः दूसरे दिन की परीक्षा में दोनों शिफ्ट में 5887 अभ्यार्थियों ने दी परीक्षा, 2984 रहे गैरहाजिर

**रविवार को प्रथम चरण में 4469 अभ्यार्थियों में से 2998 और दूसरे चरण में 4402 में से 2889 ही परीक्षा देने पहुंचे।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग की ओर से आयोजित सीईटी परीक्षा का रविवार शाम को शांतिपूर्ण समापन हुआ। सीईटी की लिखित परीक्षा के तहत दूसरे दिन अंबाला शहर व अंबाला छावनी में 19 परीक्षा केंद्रों में शांतिपूर्वक तरीके से परीक्षा संपन्न हो गई। प्रशासन द्वारा परीक्षा के दृष्टिगत अभ्यार्थियों को किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो इसको ध्यान में रखते हुए सभी व्यवस्थाएं पहले से ही ठीक रखी गई थी।

बकायदा अतिरिक्त उपायुक्त महेंद्र पाल ने जीएम रोडवेज अश्वनी डोगरा व आरटीए सुशील कुमार के साथ रविवार सुबह अंबाला छावनी बस स्टैंड व अंबाला शहर बस स्टैंड पर अभ्यार्थियों के लिए परीक्षा केंद्र तक पहुंचाने की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने इस मौके पर हेल्प डेस्क, सेंटर काउंटर, शटल बस सुविधा के साथ-साथ अन्य सभी व्यवस्थाओं की भी जानकारी ली। अभ्यार्थियों से भी बातचीत करके उन्होंने यहां पर जो सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई थी उसकी भी जानकारी हासिल की। उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने बताया कि सीईटी-2025 की लिखित परीक्षा का दोनों दिन सफलतापूर्वक आयोजन हुआ है। उन्होंने परीक्षा के दृष्टिगत लगाए गए कर्मचारियों, अधिकारियों, सैंटर अधीक्षक व अन्य सभी की भी सराहना की।

उपायुक्त ने बताया कि दूसरे दिन सीईटी की लिखित परीक्षा का अंबाला शहर व अंबाला छावनी में दो चरणों में सफलतापूर्वक आयोजन करवाया गया। उन्होंनें बताया कि रविवार को प्रथम चरण के तहत 4469 अभ्यार्थियों में से 2998 अभ्यार्थी परीक्षा देने पहुंचे थे। इसी प्रकार दूसरे चरण में 4402 अभ्यार्थियों में से 2889 अभ्यार्थी परीक्षा देने पहुंचे थे। उन्होंने यह भी बताया कि परीक्षा के सफलतापूर्वक आयोजन को लेकर प्रशासन व पुलिस प्रशासन द्वारा पुख्ता प्रबंध किए गए थे ताकि परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की कोई समस्या का सामना ना करना पड़े। एसपी अजीत सिंह शेखावत ने बताया कि दोनों दिन अंबाला शहर व अंबाला छावनी में 19 परीक्षा केंद्रों में आयोजित की गई सीईटी-2025 की लिखित परीक्षा के तहत पुलिस द्वारा सभी प्रबंध किए हुए थे। सभी ड्यूटी पर तैनात पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को परीक्षा को नकलरहित व पारदर्शिता तरीके से करवाने बारे निर्देश भी दिए गए थे। इसके साथ-साथ ट्रैफिक व्यवस्था के तहत भी प्रबंध किए गए थे ताकि आमजन के साथ-साथ अभ्यार्थियों को किसी प्रकार की कोई परेशानी का सामना न करना पड़े। परीक्षा को लेकर अभ्यार्थियों को जिला प्रशासन व प्रदेश सरकार द्वारा बेहतर व्यवस्थाएं उपलब्ध करवाई गई है। चंडीगढ से आए सचिन ने बताया कि वह यहां अंबाला छावनी स्थित बकरा मार्केट के सीनियर सैकेंडरी स्कूल में परीक्षा केंद्र में परीक्षा देने पहुंचा था। उसे परीक्षा केंद्र तक पहुंचने में किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं आई है।



अंबाला। सीईटी परीक्षा के लिए रविवार को बस में सवार होते परीक्षार्थी। फोटो: हरिभूमि

### देरी से पहुंची स्पेशल ट्रेन, परीक्षा देने से वंचित रह गए कई परीक्षार्थी

अंबाला। सीईटी परीक्षा के दूसरे दिन रेलवे की ओर से चलाई गई स्पेशल ट्रेनें तय समय से काफी देरी से पहुंचीं। इसकी वजह से काफी संख्या में परीक्षार्थी परीक्षा देने ही केंद्रों तक नहीं पहुंच पाए। विशेष रूप से 04503 सोनीपत-चंडीगढ़ एग्जाम स्पेशल ट्रेन अंबाला कैंट स्टेशन पर 1 घंटा 40 मिनट की देरी से सुबह 7:40 बजे पहुंची, जबकि इसका निर्धारित समय सुबह 6 बजे का था। इससे हजारों छात्रों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा और कई रास्ते में ही रह गए। रेलवे से जुड़े सूत्रों के अनुसार स्पेशल ट्रेनों की प्रायोरिटी सबसे कम होती है। प्रायोरिटी के हिसाब से सबसे पहले सुपरफास्ट ट्रेन को निकाला जाता है। सुबह के समय में कई सुपरफास्ट ट्रेन इस रूट पर रहती है जिस वजह से यह ट्रेन लेट हो रही है। इसके अलावा अन्य मेंटेनेंस कार्य के भी कारण ट्रेन लेट हुई है। वहीं, अंबाला कैंट पहुंचने वाली अन्य सामान्य ट्रेन भी प्रभावित रहीं हैं। कई मेल-एक्सप्रेस ट्रेनें भी काफी लेट रहीं हैं। जिस कारण लोगों को भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा है। ऊंचाहार एक्सप्रेस लगभग ढाई घंटे की देरी से अंबाला कैंट स्टेशन पहुंची तो वहीं, दिल्ली अमृतसर रूट की कई ट्रेनें आधा से एक घंटे की देरी से अंबाला कैंट स्टेशन पहुंची हैं।

### परीक्षा की व्यवस्था जांचने सुबह बस अड्डे पहुंचे मंत्री

## अनिल विज ने ड्यूटी पर डटे चालकों की पीठ थपथपाई, तालियां बजाकर किया उत्साहवर्धन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला


अंबाला। अंबाला छावनी बस अड्डे का मुआयना करते परिवहन मंत्री अनिल विज। फोटो: हरिभूमि

- बस में सवार परीक्षार्थियों से भी बातचीत की
- कहा-परीक्षा को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाने में सभी विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों ने एक उच्च सार्थक भावना के साथ की भागेदारी

कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने कहा कि सीईटी परीक्षा में सभी विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों सहित परीक्षार्थियों ने भी एक उच्च सार्थक भावना के साथ भागेदारी की है। इसी कारण से इस परीक्षा का आयोजन सफल होने जा रहा है। सीईटी परीक्षा में लगभग 13 लाख से अधिक बच्चों को दो दिनों की चार शिफ्टों में परीक्षा केन्द्र तक पहुंचाना बहुत ही बडा दायित्व था।

परीक्षा आयोजित करवाने के लिए विज ने सुबह 5 बजे से ड्यूटी पर तैनात चालकों की पीठ थपथपाई और तालियां बजाकर उनका उत्साहवर्धन भी किया। इसके अलावा उन्होंने बताया कि परीक्षार्थियों के खिले हुए चेहरे बता रहे थे कि परिवहन विभाग की व्यवस्थाएं दुरूस्त हैं। अनिल विज रविवार को सीईटी परीक्षा को आयोजित करवाने के लिए परिवहन विभाग द्वारा किए गए प्रबंधों को लेकर अंबाला छावनी के बस अडडे पर निरीक्षण करने के उपरांत मीडिया कर्मियों के सवालों का जवाब दे रहे थे।

#### परिवहन सेवाएं मुहैया करवाना बड़ा टास्क था

परिवहन मंत्री ने कहा कि 'सीईटी परीक्षा के परीक्षार्थियों को बस सेवा मुहैया करवाने के साथ-साथ आम जनता के लिए भी परिवहन सेवाएं मुहैया करवाना बडा टास्क था। तीज का त्यौहार है और शनिवार व रविवार भी है। इन दिनों में लोग अपने घरों में आने-जाने के लिए ज्यादातर परिवहन सुविधा लेते हैं। उन्होंने कहा कि ''उत्सव भावनाओं के साथ मनाए जाते हैं और बिना भावना के कोई भी उत्सव मनाया नहीं जा सकता है।

उन्होंने उदाहरण के तौर पर कहा कि यदि मन के कुंठा है तो कोई दीवाली के दीये नहीं जला सकता है। उन्होंने कहा कि सीईटी परीक्षा में सभी विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों सहित परीक्षार्थियों ने भी एक उच्च सार्थक भावना के साथ भागेदारी की है। इससे पहले विज ने अंबाला छावनी के बस अडडे पर सीईटी परीक्षा को लेकर की गई व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उपस्थित परिवहन विभाग के स्टाफ कर्मचारियों व परीक्षार्थियों से बातचीत भी की। अंबाला छावनी बस अडडे पर पहुंचे परिवहन मंत्री ने वहां पर उपस्थित बसों के चालकों से बातचीत की। एक चालक ने बताया कि वह सुबह 5 बजे से ड्यूटी पर तैनात है। इस बात को सुनकर परिवहन मंत्री ने चालकों की डयूटी के निर्वहन के प्रति तालियां बजाकर व पीठ थपथपाई। विज ने इसके उपरांत एक बस में चढकर परीक्षार्थियों से बातचीत की और उनकी परीक्षा के बारे में जानकारी हासिल की। परीक्षार्थियों ने परिवहन सेवाओं के प्रति प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि उन्हें परिवहन सेवा मिलने के चलते परीक्षा देने में किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं हुई। विज ने अंबाला छावनी के बस अडडे के रिसेप्शन पर जाकर कर्मियों के हाजिरी रजिस्टर को चेक किया। बस अडडे पर जनसेवा रोटी बैंक का भी परिवहन मंत्री ने निरीक्षण किया। परीक्षार्थियों और आम जन को पांच रूपए में भोजन की व्यवस्था की गई। इस मौके पर एसडीएम विनेश, जीएस रोडवेज अश्विनी डोगरा, डीएसपी अंबाला कैट सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

### खबर संक्षेप

#### अंबाला में महिला के घर चोरी, पुलिस जांच में जुटी

अंबाला। बेटी के पास करनाल रहने गई महिला के घर हजारों रुपये का सामान चोरी हो गया।



महेश नगर थाना पुलिस को शिकायत देते हुए दयाल बाग की राज रानी ने बताया कि वह घर पर अकेली रहती है। वह अपनी बेटी के पास करनाल गई हुई थी। 15 जुलाई को जब वापस आई तो देखा कि घर के पिछले गेट पर लोहे का ताला टूटा हुआ था। घर के गैस सिलिंडर, एलसीडी, पानी की टोंटी आदि सामान चोरी मिला। पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

#### ट्रांसफर ड्राइव जल्द शुरू न करने पर जताया रोष

बराड़ा। हरियाणा स्कूल लेक्चरर एसोसिएशन (हसला) के राज्य सचिव संदीप खोखर ने शिक्षा विभाग से तुरंत अध्यापक ट्रांसफर ड्राइव शुरू करने की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया कि विभाग लगातार अध्यापक स्थानांतरण नीति की अवहेलना करता आ रहा है, जिससे शिक्षकों और विद्यार्थियों दोनों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खोखर ने कहा कि ऑनलाइन अध्यापक स्थानांतरण नीति के तहत हर वर्ष सत्र के प्रारंभ में ही तबादले किए जाने थे लेकिन विभाग कभी भी समय पर ट्रांसफर ड्राइव शुरू नहीं कर पाया। वर्ष 2016 में पहली बार जेबीटी से लेकर पीजीटी तक के तबादले ऑनलाइन प्रणाली से सफलतापूर्वक किए गए थे। उसके 'बिना खर्ची, बिना पर्ची' की नीति के तौर पर खूब सराहा गया था। इसके बाद 2017 और 2019 में भी कुछ वर्गों के तबादले हुए लेकिन जेबीटी को छोड़ दिया गया। वर्ष 2020 और 2021 में ट्रांसफर ड्राइव शुरू करने के बाद बीच में ही रोक दी गई थी। 2022 में अगस्त में तबादले किए गए।

## हरियाणवी लोकगीतों पर जमकर झूमीं महिलाएं

- गांव फतेहपुर 80 स्थित दादा नगर खेड़ा मंदिर में कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूजः नारायणगढ़

गांव फतेहपुर 80 स्थित दादा नगर खेड़ा मंदिर में पारंपरिक और सांस्कृतिक उत्साह के साथ हरियाणवी तीज महोत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी की धर्मपत्नी ममता सैनी ने शिरकत की। ममता सैनी के गरिमामयी आगमन से कार्यक्रम की शोभा और अधिक बढ़ गई। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि तीज महोत्सव हमारी संस्कृति, परंपरा और महिला सशक्तिकरण का प्रतीक है। ऐसे आयोजनों से सामाजिक एकता और सांस्कृतिक जागरूकता को बल मिलता है। उन्होंने उपस्थित महिलाओं को बधाई देते हुए कहा कि ग्रामीण संस्कृति में तीज जैसे त्यौहार लोकमानस की आत्मा हैं।

कार्यक्रम में गांव की सरपंच सुनीता देवी, वरिष्ठ कार्यकर्ता बिच्छा राम शर्मा, अमर सिंह शर्मा तथा सरपंच प्रतिनिधि जगमाल सिंह भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। महिलाओं ने हरियाणवी लोकगीतों पर पारंपरिक वेशभूषा में मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर समां बांध दिया। तीज के गीतों और लोक रंगों से सजे इस कार्यक्रम में ग्रामीण महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। समिति द्वारा सभी अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। फूल मालाओं, शॉल और स्मृति चिह्नों से अतिथियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के समापन पर ममता सैनी ने आयोजकों और ग्रामवासियों को सफल आयोजन के लिए बधाई दी। भविष्य में भी इस तरह के सांस्कृतिक आयोजनों को प्रोत्साहित करने की बात कही।


नारायणगढ़। तीज पर झूला झूलती ममता सैनी।

### सावन के उपलक्ष्य में लगाया विशाल भंडारा

बराड़ा। सावन के पावन अवसर पर रविवार को शिव मंदिर धर्मशाला में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। आयोजन समिति के प्रधान लक्की भराड़ा ने बताया कि यह भंडारा हर वर्ष सावन मास में सिंहपुर क्षेत्र में आयोजित किया जाता है। इस धार्मिक परंपरा का उद्देश्य शिवभक्तों की सेवा करना तथा क्षेत्र में धार्मिक भावनाओं को प्रोत्साहित करना है। उन्होंने बताया कि सिंहपुर क्षेत्र से हर वर्ष बड़ी संख्या में युवा कांवड़ लेकर हरिद्वार जाते हैं। वहां से पवित्र गंगाजल लाकर स्थानीय शिव मंदिर में जलाभिषेक करते हैं। भंडारे में भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर पवन कुमार, पवन मदान, कुशल पाल राणा, विनय शर्मा, शानू गोयल, आयुष, गौरव सरदाना, रोहित, राजू, हर्ष, दीपू, सक्षम अरोड़ा, पारुल शर्मा, रिशु मदान, अरुण, गगन ऑबेरॉय, कमल सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### विज ने 11 जरूरतमंद परिवारों की बेटियों के सामूहिक विवाह में प्रत्येक बेटी को दिए 11-11 हजार रुपये


अंबाला। मंत्री अनिल विज को सम्मानित करते संस्था के पदाधिकारी।

अंबाला। ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम श्री अनिल विज ने कहा कि जरूरतमंद बेटियों का सामूहिक विवाह एक पावन आयोजन है और ऐसे प्रयासों की समाज को जरूरत है। विज रविवार को टिंबर मार्केट स्थित श्री दिगंबर जैन अहिंसा बैजनाथ धर्मशाला में जरूरतमंद परिवारों की 11 बेटियों के सामूहिक विवाह समारोह में लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने अपने स्वैच्छिक कोष से प्रत्येक बेटी को 11-11 हजार रुपए देने की घोषणा की। कार्यक्रम का आयोजन जैन फैलोशिप क्लब सोसाइटी की ओर से किया गया था। विज ने कहा कि फैलोशिप क्लब द्वारा लड़कियों का विवाह कराकर बहुत बड़ा काम किया गया है। विवाह में बेटियों को जो आवश्यक सामान था वो दिया गया है। उन्होंने कहा यह अच्छा प्रयास है जोकि आगे भी चलता रहना चाहिए जितनी क्षमता हो जितनी ताकत हो समाज सेवा करनी चाहिए। उन्होंने कहा समाज कल्याण क्षेत्र में जैन फैलोशिप क्लब की हमेशा रूचि व योगदान रहा है।

### सूचना, जन संपर्क एवं भाषा विभाग के महानिदेशक केएम पांडूरंग ने कार्यक्रम स्थल का किया मुआयना

# तीज महोत्सव में कलाकार मचाएंगे धमाल, सीएम करेंगे हिस्सेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

सूचना, जन संपर्क एवं भाषा विभाग के महानिदेशक के केएम पांडूरंग ने रविवार को अंबाला शहर में सीएम नायब सैनी के कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उनके साथ उपायुक्त अजय सिंह तोमर भी मौजूद थे। महानिदेशक के बताया कि 28 जुलाई को नई अनाज मंडी में हरियाली तीज उत्सव पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। इसके साथ-साथ विशिष्ट अतिथि के तौर पर परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज व महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रुति चौधरी शिरकत करेंगी। कार्यक्रम में पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल नन्यौला की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। राज्य स्तरीय कार्यक्रम को लेकर सभी तैयारियां कर ली गई हैं। महानिदेशक पांडूरंग ने राज्य स्तरीय कार्यक्रम के तहत की गई तैयारियां की समीक्षा भी की। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत, अतिरिक्त निदेशक वर्षा खंगनवाल, अतिरिक्त निदेशक साहिब सिंह गोदारा, एसडीएम दर्शन कुमार, एचसीएस योगेश मेहता व अन्य प्रशासनिक अधिकारीगण मौजूद रहे। महानिदेशक केएम मकरंग पांडूरंग तथा उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने नई अनाज मंडी स्थित कार्यक्रम स्थल का दौरा करते हुए मंच की व्यवस्था, लोगों के बैठने की व्यवस्था, मीडिया गैलरी, पार्किंग व्यवस्था के साथ-साथ यहां पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाए जाने वाले स्टाल की जगह का भी मुआयना किया। उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने इस मौके पर मीडिया से बातचीत करते हुए बताया कि नई अनाज मंडी में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री 28 जुलाई को दोपहर 2 बजे बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। इस मौके पर वह विभिन्न विकास कार्यों का उद्घाटन एवं शिलान्यास करेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि इस कार्यक्रम में 10 से 12 हजार के करीब महिलाएं शामिल होंगी। हरियाणा की संस्कृति व कला को प्रदर्शित करती हुई यहां पर प्रदर्शनी लगाई जाएगी। प्रदेश सरकार तीज उत्सव को पूरे प्रदेश में हर्षोल्लास के साथ मनाने का काम कर रही है। राज्य स्तरीय कार्यक्रम को लेकर पंडाल पूरी तरह से सजाया गया है। यहां पर तीज महोत्सव पर झुले भी लगेंगे। उपायुक्त ने जिला की महिलाओं से आग्रह किया कि इस राज्य स्तरीय कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएं। उपायुक्त ने यह भी बताया कि मुख्यमंत्री इसके उपरांत पुलिस डीएवी स्कूल अंबाला शहर के सभागार में आयोजित उत्कृष्ट शिक्षक पुरस्कार -2025 समारोह में शिरकत करेंगे। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने बताया कि राज्य स्तरीय कार्यक्रम में सुरक्षा की दृष्टि से 800 से अधिक पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। आस पास के जिलों से बसों से आने वाली महिलाओं व अन्य वाहनों से आने वाले लोगों के लिए अनाज मंडी के पीछे पार्किंग की व्यवस्था की गई है। यह सभी वाहन मानव चौक से होते हुए मंडी के पास पहुंचेंगे। लोगों को किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो, इसके लिए 10 नाके भी लगाए गए है तथा ट्रैफिक व्यवस्था भी सुचारू रूप से चले इसकी भी व्यवस्था की गई है।


अंबाला। कार्यक्रम स्थल का मुआयना करते महानिदेशक केएम पांडूरंग व अन्य अधिकारी।